# नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रतियोगिता परीक्षा 2018–19 का विज्ञापन

झारखण्ड सरकार

*(सन् 1954 में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा नेतरहाट पठार पर स्थापित नेतरहाट आवासीय विद्यालय जिसके कई पूर्ववर्ती छात्र राज्य एवं राष्ट्र में ही नहीं अपितु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कीर्ति पताका लहरा रहे हैं तथा राज्य व राष्ट्र में कई शीर्ष पदों पर कार्य कर चुके हैं, उन्होंने अपने जीवन में इस विद्यालय के योगदान को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्वीकार किया है और जिसके पूर्ववर्ती शिक्षकों/छात्रों को सम्प्रति इसके संचालन प्रबन्धन निमित्त बनायी गई' नेतरहाट विद्यालय समिति' में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं प्रदान की गई हैं।)*

**वि.सं.– 871** **दिनांक–14-05-2018**

इस विद्यालय के लिए सत्र 2018–19 में कक्षा–6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन **31.07.2018** तक आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाऍ निम्नवत् हैः–

1. प्रवेश हेतु द्विस्तरीय लिखित प्रवेश परीक्षा ली जायगी (प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा)। प्रारम्भिक परीक्षा एक पाली में जिला स्तर पर आयोजित होगी, जो पूर्णतः वस्तुनिष्ठ प्रकृति (Objective type) की होगी। प्रारम्भिक परीक्षा में सफल मेधावी छात्रों को ही मुख्य परीक्षा जो उनके प्रमंडल मुख्यालय में होगी एवं विषयनिष्ठ (Subjective type) होगी में बैठने की अनुमति दी जायेगी। मुख्य परीक्षा में चयनित छात्रों की चिकित्सकीय जाँचोपरान्त सभी दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात् ही उनका नामांकन लिया जायेगा। परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

**¼A) प्रारंभिक परीक्षा (Preliminary Test) का कार्यक्रम :–**

| परीक्षा की तिथि :– 23.09.2018 (रविवार) स्थान–जिला मुख्यालय<br>समय (10.30 पूर्वाहन से 12.30 अपराह्न तक) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं0** | **विषय** | **अंक** | **क्रम सं0** | **विषय** | **अंक** |
| 01 | गणित | 25 | 03 | भाषा (हिन्दी) | 25 |
| 02 | सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान | 25 | 04 | मानसिक योग्यता | 25 |

**¼B) मुख्य परीक्षा (Main Exam) का कार्यक्रम :–**

| परीक्षा की तिथि 28.10.2018 (रविवार) स्थान– प्रमण्डल मुख्यालय | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम पाली ; 10.00 पूर्वाहन से 12.00 मध्या. | | | द्वितीय पाली 01.00 अपराह्न से 3.00 अपराह्न | |
| **क्रम सं.** | **विषय** | **अंक** | **विषय** | **अंक** |
| 01 | गणित | 50 | भाषा (हिन्दी) | 50 |
| 02 | सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान | 50 | मानसिक योग्यता | 50 |

**2. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यता निम्नांकित हैः–**

(क) आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र भी परीक्षा में बैठने के लिए माने जाएगें, परन्तु मुख्य परीक्षा के समय अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवासी/जाति प्रमाण पत्र परीक्षा केन्द्र पर प्रस्तुत करना होगा।

(ख) 1 अगस्त 2018 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–01.08.2006 से 31.07.2008 के बीच हुआ हो।

(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत होना आवश्यक है। इसके प्रमाण स्वरूप आवेदन पत्र को अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से ही प्रतिहस्ताक्षरित कराते हुए आवेदन भरना होगा।

**3. निर्देश बिन्दुः–**

(i) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा स्तर का होगा।

(ii) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(iii) आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र समाचार पत्रों में दिए गए प्रारूप के अनुसार स्वयं तैयार कर अथवा अपने संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से अथवा नेतरहाट विद्यालय समिति के रॉची कार्यालय अथवा विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

(iv) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी , आरक्षण/जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (चूंकि गरीबी रेखा से नीचे आने वाले किसी भी जाति/धर्म/सम्प्रदाय के बच्चों को पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा 12वीं कक्षा तक दी जाती है) में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विद्यार्थी को तत्काल न केवल विद्यालय से निष्कासित कर दिया जायेगा बल्कि उस पर हुए सभी प्रकार के किये गये खर्च को सूद सहित वापस करना होगा।

(v) भरे हुए फार्म एवं प्रवेश पत्र फार्म के साथ सभी अनुलग्नकों को यथा– आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात की स्वअभिप्रमाणित प्रति, आवेदन शुल्क तथा स्वपता अंकित लिफाफा (40/–) डाक टिकट सहित स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्न पत्ते पर दिनांक–31.07.2018 तक प्राप्त किये जाएंगे। आवदेन पत्र भेजने का पता– सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति, एम.डी.आई. भवन परिसर, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची–834004 अथवा प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट पिन–835218। उक्त के अलावे छात्र अपने आवेदन को पूर्ण रूप से भरकर अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में भी जमा कर सकते है।

(vi) आवेदन पत्र के साथ परीक्षार्थी को स्वपता अंकित (Self addressed envelope) लिफाफा जिसमें रू. 40/– का डाक टिकट सटा हो संलग्न करना आवश्यक है। इसी पते पर आवेदक को प्रवेश पत्र प्रेषित किया जाएगा।

(vii) **आवेदन शुल्क – अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क 100/–(सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 50/– भारतीय पोस्टल ऑर्डर अथवा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत ड्रॉफ्ट जो प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय भुगतेय शाखा लोहरदगा के नाम से संलग्न करना आवश्यक है। अन्य बैंकों द्वारा निर्गत ड्रॉफ्ट मान्य नहीं होंगे।**

(viii) विशेष परिस्थिति में अगर छात्र को परीक्षा के पूर्व उनका प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो वे अपने पहचान पत्र एवं दो फोटो के साथ अपने संबंधित जिला केन्द्र में परीक्षा तिथि को ससमय उपस्थित होगें।

(ix) प्रारंभिक परीक्षा प्रत्येक जिला में आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र की सूचना अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र में अंकित होगा एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना परीक्षा पूर्व विद्यालय के वेबसाईट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध करा दी जायेगी।

(x) असुविधा होने की स्थिति में निम्न नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता हैं : 9431759750/9431766548/9572102596

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।